दिन–शुक्रवार दिनांक– 13 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के बैंक खातों में अठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में राशि भेजी जाएगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज सहरसा और खगड़िया जिले के दौरे पर हैं। सहरसा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पांच सौ बारह करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ पच्चीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वहीं, खगड़िया में मुख्यमंत्री ने तीन सौ चार करोड़ रूपये की लागत वाली तीन सौ उन्नीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सहरसा में जनसंवाद में मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार तेजी से प्रगति पथ पर आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। श्री कुमार ने कहा कि सात निश्चय–तीन के तहत लोगों के जीवन को आसान करने के लिए सरकार काम कर रही है।

———————————————————————

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद आपूर्ति विभाग ने लोगों से रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का बेहतर तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया है। विभाग ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना में कही गई बात का हवाला दिया जिसमें यह कहा गया है कि देश में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि मंत्रालय ने यह भी कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण स्थिति अस्थिर बनी हुई है। इस अनिश्चितता को देखते हुए आपूर्ति विभाग ने लोगों को इन उत्पादों का सही तरीके से उपयोग करने की सलाह दी है।

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का व्यावसायिक स्तर पर उपयोग नहीं होने के संबंध में निगरानी रखने पर भी जोर दिया है।

———————————————————————————————

पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो से एके. सैंतालीस राईफल की चोरी, तस्करी और बरामदगी के मामले में फैसला सुना दिया है। अदालत ने इस मामले में पांच आरापियों को दोषी करार दिया। वहीं, नौ अन्य को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। जिन आरोपियों को दोषी ठहराया गया है, उनमें पूर्व सैनिक सुरेश ठाकुर, पुरूषोत्तम लाल रजक, नियाजुल रहमान, मोहम्मद ईमरान आलम और शमशेर आलम शामिल हैं।

———————————————————————————————

नालंदा के राजगीर में आज से तीन दिवसीय नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल की शुरूआत हुई। इस महोत्सव का उद्देश्य साहित्य, संस्कृति और वैश्विक विचार—विमर्श को एक मंच पर लाना है। महोत्सव में कई जाने—माने साहित्यकार, लेखक और पत्रकार शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णिया में सबसे अधिक चौवालीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। बारिश के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया कि आज भी राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

———————————————————————————————

शिवहर पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे अंतर जिला अपराधी गिरोह के चार सदस्यों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।